# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का विवरण :— मा0मु0घो0 सं0 901/2014 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर में भगतोला से चौरा पोखरी अम्बेडकर गांव तक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 4.00 किमी०)**

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम **भगतोला सकनियाकोट, पोखरी** से होकर गुजरता है जिनकी आबादी **760** है। यह मार्ग अल्मोड़ा—बागेश्वर—ग्वालदम—कर्णप्रयाग मोटर मार्ग के किमी0 23 में ग्राम भगतोला से प्रारम्भ होकर जा रहा है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी, लकड़ी, चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात् उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वें अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी, जिससे कि बच्चों का लालन—पालन तथा पठन—पाठन ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो पाएगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे। गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे साथ ही मोटर मार्ग के निर्माण से पलायन रूकेगा।

यह समरेखन सिविल भूमि (राज्य भूमि), तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00 किमी है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में 1.575 है0 सिविल भूमि, (कुल भूमि 1.575 है0) नाप भूमि 2.025 है0 प्रभावित होती है उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

**समरेखन नं0 1:—** यह समरेखन अल्मोड़ा—बैजनाथ—ग्वालदम—कर्णप्रयाग मोटर मार्ग के किमी0 23 में भगतोला से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 4.00 किमी0 है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। इस समरेखन में 05 एच0पी0 बैण्ड आते हैं। इस समरेखन में ग्राम भगतोला, सकनियाकोट, पोखरी इत्यादि ग्राम लाभान्वित होते हैं।

**समरेखन नं0 2:—** यह समरेखन अल्मोड़ा—बैजनाथ—ग्वालदम—कर्णप्रयाग मोटर मार्ग के किमी0 23 में भगतोला से प्रारम्भ होता है। इस समरेखन में प्रस्तावति मार्ग की लम्बाई 4.15 किमी0 है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त नही है। इस समरेखन में 07 एच0पी0 बैण्ड आते हैं। इस समरेखन में ग्राम भगतोला, सकनियाकोट, पोखरी इत्यादि ग्राम लाभान्वित होते हैं।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 1.575 है0 भूमि प्रभावित होती है जो न्यूनतम है। मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00 किमी0 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं। उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित सिविल भूमि (राज्य भूमि) का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा | सहायक अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा | 08/12/14<br>अधिशासी अभियन्ता<br>नि.ख.लो.नि.वि<br>अल्मोड़ा |

C.S.

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा